तापमान

अधिकतम 20.2 डिग्री

न्यूनतम 8.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 31 दिसंबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



4

महाठग शिवा साहू ने फर्जी सील, लेटरपैड से निकाले लाखों, पुलिस कर रही तलाश




## खबर संक्षेप



### सरगुजा की रॉक बैंड टीम को मिला द्वितीय स्थान

**अंबिकापुर।** बिलासपुर में बहतराई में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सरगुजा के इकतारा द फ्यूजन बैंड ने हिस्सा लिया। राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान सरगुजा के रॉक बैंड टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगता के दौरान रॉक बैंड विधा में 33 टीमों ने हिस्सा लिया। वहीं युवा महोत्सव 2025-26 में डॉ मानक टंडनके मार्गदर्शन में शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा लोकगीत विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रॉक बैंड टीम से प्रतियोगिता में शिवम सोनी, अदिति श्रीवास्तव, आस्था जायसवाल, रोशनी सेन, शन्नो रावत, राधिका दास, रूपक महंत, सौरभ रावत, प्रवीन मानिकपुरी, महेश कुमार, हरेंद्र कुमार, छत्रपाल चौधरी, भावेश कुमार, प्रमोद रजवाड़े शामिल हुए।

### भाजयुमो ने फूंका कांग्रेस नेता बघेल का पुतला



**रामानुजगंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सनातन विरोधी भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अध्यक्ष मंगलम पांडेय ने कहा कि सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रीप्ट किसी ने दिया हो। उन्होंने कहा कि रामसेतु की जब बात आई तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है, भगवान राम को कांग्रेसियों ने काल्पनिक कहा। पुतला दहन के दौरान विजय प्रताप सिंह, जगनारायण सिंह, अमित सिंह, नंदकिशोर गुप्ता, विक्रम गुप्ता, प्रमत मलिक, विकास यादव, कुणाल गुप्ता अमित सहित अन्य उपस्थित रहे।

### राष्ट्र निर्माण में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका : परवेज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी,अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज़ आलम गांधी ने कहा कि देश को आजादी दिलाने से लेकर स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र को सशक्त, समावेशी और संवैधानिक मूल्यों पर आधारित बनाए रखने तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका है। कांग्रेस पार्टी सदैव संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने और देश की विविधता में एकता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रही है। किसानों के अधिकारों की सुरक्षा, युवाओं के सशक्तिकरण, महिलाओं के सम्मान तथा वंचित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के हक की लड़ाई कांग्रेस ने निरंतर दृढ़ संकल्प के साथ लड़ी है।

### असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़ पुलिस से शिकायत

**अम्बिकापुर।** ग्राम करमहा में संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए निर्मित चबूतरे को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। ग्राम करमहा में डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने चबूतरा का निर्माण कराया गया था। सुबह चबूतरे को टूटा देख ग्रामीण हैरान रह गए। नाराज ग्रामीण सरपंच के नेतृत्व में कोतवाली थाना पहुंचे एवं असामाजिक तत्वों द्वारा इस तरह का कृत्य करने की बात कह मामले में कार्रवाई करने की मांग की।

# राष्ट्रपति ने की जशक्राफ्ट हस्तशिल्प उत्पादों की सराहना





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जशक्राफ्ट ब्रांड के अंतर्गत स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों-बांस एवं सवई घास से निर्मित आकर्षक हस्तशिल्प उत्पादों को पारंपरिक कलाकृतियों के रूप में उपहार स्वरूप भेंट किया गया।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने जशक्राफ्ट के हस्तशिल्प उत्पादों को देखकर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की तथा स्थानीय कारीगरों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ विकसित की गई इन पारंपरिक कलाकृतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। यह अवसर जशपुर जिले की समृद्ध जनजातीय कला, स्थानीय कारीगरों के उत्कृष्ट कौशल तथा जशपुर वनमंडल द्वारा किए जा रहे नवाचारपूर्ण एवं जनकल्याणकारी प्रयासों के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण रहा।

### ग्रामीण महिला कारीगरों को रोजगार के अवसर

जशपुर वनमंडल द्वारा नवाचार के अंतर्गत ग्राम कोटानपानी के संयुक्त वन प्रबंधन समिति को चक्रीय निधि से वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जिससे ग्रामीण महिला कारीगरों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके हैं। प्रदत्त सहायता से संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों बाँस एवं सवई घास का उपयोग करते हुए आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल हस्तशिल्प उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है। जशक्राफ्ट ब्रांड के अंतर्गत तैयार किए जा रहे उत्पादों में झुमके, माला, टोपी सहित अन्य पारंपरिक आभूषण एवं दैनिक उपयोग की सामग्री शामिल हैं। ये सभी उत्पाद स्थानीय कारीगरों की पारंपरिक कला, कौशल, रचनात्मकता तथा पीढ़ियों से संचित जनजातीय ज्ञान का सशक्त प्रतिबिंब हैं। उत्पाद निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के सिद्धांतों का विशेष रूप से पालन किया जा रहा है।

### आगडीह हवाई पट्टी पर स्वागत



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जशपुर के आगडीह हवाई पट्टी पर 30 दिसंबर को आगमन हुआ। इस मौके पर राज्यपाल रमेन डेका, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णुदेव साय कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सरगुजा के सांसद चिन्तामणी महाराज, रायगढ़ के सांसद सांसद राधेश्याम राठिया, सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, विधायक पुरन्दर मिश्रा, कमिश्नर सरगुजा नरेन्द्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने आत्मीय स्वागत किया।



### स्थानीय संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन

जशपुर वनमंडल द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की नवाचारपूर्ण पहलें निरंतर जारी रखी जाएंगी, ताकि स्थानीय संसाधनों का संरक्षण, पारंपरिक ज्ञान का संवर्धन तथा ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ कर सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके।

### स्थानीय कलाकारों एवं ग्रामीणों का आर्थिक सशक्तिकरण

जशक्राफ्ट पहल के माध्यम से न केवल स्थानीय कारीगरों एवं ग्रामीण परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध जनजातीय कला एवं हस्तकला को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास किया जा रहा है। इस पहल से स्थानीय उत्पादों के लिए नए बाजार उपलब्ध होंगे तथा स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्राप्त होगी।

### कार्तिक उरांव का सपना होगा साकार

## कार्तिक जतरा के मंच से राष्ट्रपति का बड़ा भरोसा, गुमला में बनेगा विश्वविद्यालय





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छत्तीसगढ़–झारखंड सीमा पर स्थित झारखंड के गुमला जिले के रायडीह प्रखंड पहुंचीं। यहां आयोजित दो दिवसीय अंतरराज्यीय जन-सांस्कृतिक समागम 'कार्तिक जतरा'में शामिल होकर उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने पंखराज साहेब कार्तिक उरांव के ऐतिहासिक सपने गुमला जिले में विश्वविद्यालय की स्थापना को शीघ्र साकार करने का भरोसा दिलाया।राष्ट्रपति ने कहा कि गुमला में विश्वविद्यालय की स्थापना केवल कार्तिक उरांव का सपना नहीं, बल्कि उनके अपने जीवन का भी एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। इस दिशा में सकारात्मक प्रयास जारी हैं और बहुत जल्द यह सपना हकीकत में बदलेगा।

### जनजातीय कला–संस्कृति की जमकर की तारीफ

राष्ट्रपति मुर्मू ने आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की संगीत, नाटक, नृत्य और कला परंपराएं देश की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देती हैं। इसी समृद्ध परंपरा के कारण देशभर के 100 से अधिक आदिवासी कलाकारों को पद्मश्री सम्मान मिल चुका है। 'कार्तिक जतरा' के मंच से उन्होंने आदिवासी पहचान, परंपरा और संस्कृति के संरक्षण की जरूरत पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आई आदिवासी नृत्य मंडलियों ने पारंपरिक लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

### शिक्षा ही विकास की सबसे बड़ी ताकत

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा विकास की सबसे बड़ी पूंजी है। शिक्षा के बिना न तो राज्य का और न ही समाज का समग्र विकास संभव है। उन्होंने माना कि शिक्षा से जुड़े कुछ भूमि संबंधी विषयों के समाधान के बाद ही प्रयास पूरी तरह फलीभूत होंगे, लेकिन जिस संकल्प और मेहनत के साथ काम हो रहा है, वह जरूर सफल होगा।उन्होंने कहा कि पंखराज साहेब कार्तिक उरांव सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विदेश में शिक्षा लेने के बावजूद उनकी सोच अपनी माटी और अपने लोगों के लिए समर्पित रही। उनका सपना था कि इस क्षेत्र में एक विश्वविद्यालय स्थापित हो, जहां से आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संवरे। आज जतरा के माध्यम से लोग उन्हें स्मरण कर रहे हैं।

### तीन राज्यों के मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री रहे मौजूद

पंखराज साहेब कार्तिक उरांव चौक बैरियर, बगीचा मांझाटोली में आयोजित इस भव्य आयोजन में राष्ट्रपति के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद रहे। इसके अलावा केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव, एसटी एससी विषयक संसदीय समिति के अध्यक्ष फगन सिंह कुलस्ते तथा झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमा प्रदान की।

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पूरे जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। हर आने-जाने वाले पर कड़ी नजर रखी गई और आयोजन शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# वरिष्ठजन व समाजसेवियों से युवाओं को मिलती है प्रेरणाः मुख्यमंत्री






हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज विकासखंड कांसाबेल के ग्राम दूढरूडांड में आयोजित अखिल भारतीय आदिवासी कंवर समाज विकास समिति के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने समाज के उत्थान हेतु समर्पित भाव से कार्य कर रहे पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए उनके योगदान को सराहा। कार्यक्रम में विधायक गोमती साय, पूर्व सांसद नन्द कुमार साय, पूर्व संसदीय सचिव भरत साय, जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी सिंह, कलेक्टर रोहित व्यास एवं वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी जुड़ाव को मजबूत करते हैं। वरिष्ठजनों एवं समाजसेवियों से युवाओं को प्रेरणा मिलती है, जिससे वे एक अच्छे नागरिक बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा में अग्रसर होते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विधायक गोमती साय ने कहा कि समाज के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उत्थान के लिए युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त एवं सुसंस्कृत नागरिक बनाने पर भी जोर देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज से जुड़कर आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को जागरूक कर आगे बढ़ाने में योगदान दें।

### समर्पण भाव से कार्य करने की जरूरत

इस अवसर पर कौशल्या साय ने कहा कि समाज को सभी क्षेत्रों में मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को समर्पण भाव से कार्य करना होगा। यदि समाज के बुजुर्ग एवं जागरूक वर्ग संकल्प लें, तो समाज के साथ-साथ देश भी तेजी से प्रगति करेगा।

### इनकी उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम में अखिल भारतीय कंवर समाज के महासचिव अशोक पैंकरा, अखिल भारतीय आदिवासी कंवर समाज उत्तरी क्षेत्र-दूढरूडांड के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद साय, सचिव राजेश पैंकरा, कोषाध्यक्ष गुलसागर साय सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### जशपुर पुलिस ने 5 गौवंश छुड़ाए

# जंगल के रास्ते पैदल ले जा रहे थे गौवंश, 2 तस्कर गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद लगातार असर दिखा रहा है। चौकी सोन क्यारी क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल के रास्ते पैदल ले जाए जा रहे 5 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। मौके से दो गौ तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 व 10 के तहत अपराध दर्ज किया है।



पुलिस के अनुसार, 29 दिसंबर को ग्राम कोयली बथान निवासी जगदेव राम उम्र 44 वर्ष ने सूचना दी कि दो संदिग्ध व्यक्ति कुछ गौवंशों को हांकते हुए जंगल के रास्ते बलादरपाठ की ओर ले जा रहे हैं। शक होने पर ग्रामीणों ने उन्हें रोका और तत्काल सोन क्यारी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां दो संदिग्ध 5 गौवंशों के साथ पकड़े गए।



### झारखंड ले जाने की थी तैयारी

पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम किशोर मिंज उम्र 43 वर्ष और बुलकन तिर्की उम्र 40 वर्ष बताया। दोनों आरोपी ग्राम सरईटोली, थाना सन्ना, जिला जशपुर के निवासी हैं। आरोपियों ने स्वीकार किया कि गौवंशों को झारखंड के ग्राम गोविंदपुर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि गौवंशों के खरीदारों की पहचान कर ली गई है, जो फिलहाल फरार हैं। उनकी तलाश जारी है।

### दस्तावेज नहीं मिले, कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण

जब पुलिस ने गौवंशों से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे, तो आरोपी कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने सभी गौवंशों को विधिवत जब्त कर पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियों का लेखा-जोखा किया प्रस्तुत

# मुख्यमंत्री साय ने बगिया में प्रस्तुत किया उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सुशासन सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बगिया स्थित अपने निज निवास में आयोजित आमजनों एवं पत्रकारों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर वीडियो डॉक्यूमेंट्री का विमोचन किया। बगिया में मौजूद लोगों ने वीडियो के माध्यम से सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों का अवलोकन किया।

■ जन कल्याणकारी योजनाओं से बदली प्रदेश की तस्वीर

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 दिसम्बर को सरकार के दो वर्ष पूर्ण हुए और इसी वर्ष छत्तीसगढ़ ⏭ शेष पेज 4 पर

### 18 लाख प्रधानमंत्री आवास

मुख्यमंत्री ने बताया कि नए सरकार बनते ही 14 दिसम्बर 2023 को आयोजित पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख गरीब परिवारों के आवास स्वीकृत किए गए। अब तक 8 लाख से अधिक आवास पूर्ण हो चुके हैं। किसानों को एकमुश्त राशि में धान का भुगतान किया जा रहा है, 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से खरीदी और 3100 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य दिया जा रहा है। लंबित बोनस राशि का भुगतान किया गया तथा तेंदूपत्ता 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा जा रहा है।

### राज्य की महिलाएं हुई सबल

महिलाओं के सशक्तिकरण पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए दिए जा रहे हैं। महिलाएं इस राशि से सब्जी-भाजी व्यवसाय, पशुपालन, किराना दुकान जैसे कार्य कर अपनी आजीविका सुदृढ़ कर रही हैं। उन्होंने रायगढ़ जिले के एक गांव का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां महतारी वंदन की राशि से चंदा कर ग्रामीण महिलाओं ने श्रीराम मंदिर का निर्माण करा रहे है।

### नक्सल समस्या समाप्ति की ओर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और त्वरित कार्यवाही के लिए पृथक सुशासन विभाग का गठन किया गया है। बस्तर एवं दण्डकारण्य क्षेत्र में इमली, महुआ, चिरौंजी जैसे वनोपज के प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने की घोषणा के अनुरूप सुरक्षा बलों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुनर्वास नीति लागू कर नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। 'नियद नेल्लानार' योजना के तहत 400 से अधिक गांवों में सड़क, बिजली, पानी और स्कूल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि बस्तर क्षेत्र में सवा लाख करोड़ रुपए का निवेश कर व्यापक विकास किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक गोमती साय, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव, जिला भाजपा अध्यक्ष भरत सिंह, सुनील गुप्ता, मुकेश शर्मा, मनीष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, आम नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सीनियर राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में सरगुजा के दो खिलाड़ियों का चयन

**अंबिकापुर।** सीनियर राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में सरगुजा के दो खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चंडीगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में



खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बता दें कि 9वीं सीनियर राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप 2025–26 का आयोजन 28 से 30 दिसंबर तक चंडीगढ़ में किया गया है। इस प्रतियोगिता के लिए सरगुजा जिले से दो खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश गतका टीम में हुआ है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम के सीनियर वर्ग में सरगुजा जिले से सुष्मिता चौहान एवं शिवरतन का चयन उनके निरंतर अच्छे प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। सरगुजा गतका कोऑर्डिनेटर रजत सिंह ने कहा कि गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में नियमित रूप से गतका का अभ्यास कराया जाता है, जहां से लगातार खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे चलकर खेलो इंडिया जैसे आयोजनों में भाग लेने का अवसर भी मिल सकता है। इस अवसर पर द गतका एसोसिएशन सरगुजा के सभी पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने चयनित दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### श्री अग्रसेन प्रतिमा स्थापना आयोग के विजयराज बने प्रदेश संयोजक

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन से संबद्ध छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा विजयराज अग्रवाल को भगवान श्री अग्रसेन प्रतिमा



स्थापना आयोग का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है,अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन से समबद्ध छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल रायपुर द्वारा विजयराज अग्रवाल की नियुक्ति की गई है,प्रदेश अध्यक्ष ने नियुक्ति प्रदान करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि विजयराज अग्रवाल के द्वारा पूरे प्रदेश के समस्त नगर पंचायत,नगर पालिका, नगर निगम एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में भगवान महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित हो। विजयराज अग्रवाल ने भगवान अग्रसेन की जीवनगाथा के बारे में बताते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन एक पूज्यनीय प्राचीन राजा थे,जो सामाजिक न्याय एवं सांप्रदायिक सद्भाव के सिद्धांतों के लिए जाने जाते थे। उन्हें अपने राज्य में समानता और कल्याण को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए याद किया जाता है,जिन्होंने अग्रवाल समुदाय के उद्यमशीलता और परोपकार के मुल्यों की नींव रखी,उनके नेतृत्व और सुधारों ने सामाजिक मुल्यों पर अमिट प्रभाव छोड़ा है,भगवान अग्रसेन द्वारा व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देना उनके शासन का एक और महत्वपूर्ण स्तंभ था,उन्होंने आर्थिक गतिविधियों को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया।

### मतरिगा पोलिंग बूथ में युवाओं ने सुनी मन की बात



**केदमा।** विकासखंड उदयपुर अंतर्गत रामगढ़ मंडल के मतरिंगा पोलिंग बूथ में युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को बृजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में कार्यस्थल में ही सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 129 वीं बार मन की बात कार्यक्रम से देश को संबोधित किया। इस वर्ष का यह अंतिम मन की बात कार्यक्रम था। उन्होंने 2025 की उपलब्धियां के बारे में बात किया और 2026 में आने वाली नई चुनौतियों का भी जिक्र किया। साथ ही कहा की विकसित भारत बनाने में युवाओं का अहम भूमिका है और युवाओं की ओर ध्यान देना चाहिए।

### स्वास्थ्य शिविर में 88 महिलाओं ने कराया निःशुल्क परीक्षण



**बिश्रामपुर।** स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान के तहत दशहरा मैदान,एसईसीएल अस्पताल के सामने शिवानी महिला मंडल द्वारा महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया,शिविर का आयोजन श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ,कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए शिवानी महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अल्पना सिंह ने कहा कि महिलाओं का उत्तम स्वास्थ्य ही सशक्त परिवार और मजबूत समाज की आधारशिला है,शिविर में महिलाओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच,चिकित्सकीय परामर्श तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 88 महिलाओं ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल की सक्रिय सदस्य श्रीमती सुनीता कुमारी,जया रामन्ना, महिमा सिंह,निशा श्रीवास्तव एवं ज्योति शर्मा का विशेष योगदान रहा,शिविर में एएमओ डॉ यूएस बैठा,डॉ संगीता, डॉ सत्यपाल, डॉ हर्षवर्धन सहित अस्पताल के अन्य स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं और महिलाओं को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।

## लोगों को करना पड़ा परेशानी का सामना

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल से कार्यालयों में लटका ताला, काम काज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महंगाई भत्ता समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल से सरगुजा में काम काज ठप हो गया है।

**खास बात**

- धरना प्रदर्शन करने के साथ ही घोषणा पत्र में किए वादे को पूर्ण करने की मांग

हड़ताल के कारण शासकीय कार्यालयों में ताला लटका रहा और काम प्रभावित रहा। हडताल के कारण दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान फेडरेशन ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने के साथ ही सरकार पर जमकर हमला बोला और मोदी की गारंटी के तहत घोषणापत्र में किए गए वादों को पूर्ण करने की मांग की।

बता दें कि केंद्र के समान महंगाई भत्ता प्रदान करने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा चरणबद्ध आन्दोलन किया जा रहा है। आन्दोलन के तहत फेडरेशन ने मोदी की गारंटी के तहत चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूर्ण करने की मांग को लेकर फेडरेशन ने ज्ञापन सौंपने के साथ ही सामूहिक अवकाश लेकर तीन दिवसीय हड़ताल की चेतावनी दी थी। इसी कड़ी में सोमवार को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले शासकीय कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल में हिस्सा लिया। इस दौरान शासकीय कार्यालयों में ताला लटका रहा। कलेक्टोरेट परिसर में मौजूद कार्यालयों में भी वीरानी छाई रही जबकि अन्य विभागों के कर्मचारी भी हड़ताल में रहे। इस हड़ताल में शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया जबकि स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने भी इस हडताल को अपना समर्थन दिया और आन्दोलन में शामिल हुए। हड़ताल के कारण सरगुजा के साथ ही सूरजपुर, बलरामपुर जिले में भी कार्यालयों में काम काज ठप रहा। इस दौरा दूर दराज से आए हुए लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा और वे निराश होकर वापस लौटे। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल अगले दो दिन और जारी रहेगी।



धरना स्थल पर बैठे अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के सदस्य।

**राजस्व न्यायालयों में बढ़ी तारीख**

सोमवार से शुरू हुए तीन दिवसीय हड़ताल के कारण राजस्व न्यायालयों में भी कामकाज ठप रहा। हड़ताल के कारण अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय नहीं पहुंचे। ऐसे में राजस्व प्रकरणों के के मामलों की सुनवाई नहीं हो पाई और बाहर से आए पक्षकारों को भी लौटना पडा। सुनवाई नहीं होने के कारण फिलहाल सभी प्रकरणों की तिथि बढ़ा दी गई है।

**इन मांगों को लेकर किया प्रदर्शन**

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। संघ का कहना है कि चुनाव के दौरान सरकार के वादा किया था कि रुके हुए महंगाई भत्ता को प्रदान किया जाएगा। सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत अपने घोषणा पत्र में वादा किया था लेकिन अब तक वादा पूर्ण नहीं किया गया। संघ ने डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, चार स्तरीय समयमान वेतनमानदेने, वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया करने, दैनिक, अनियमित, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बनाने सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल आन्दोलन किया है।

## ठंड व धुंध के बीच सिख समाज द्वारा निकाली जा रही प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



खालसा पंथ के संस्थापक एवं सिक्खों के दसवेँ गुरू सरबंशदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह साहेब जी के प्रकाश पर्व मनाने के उपलक्ष्य में सिक्ख समाज द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली जा रही है,वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड व धुंध के बावजूद दृढ़ आस्था के बीच समाज द्वारा रोजाना सुबह तड़के नगर में शबद कीर्तन कर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से सेवादारों के निवास तक भ्रमण कर प्रभात फेरी निकाली जा रही है,प्रबंधन कमेटी द्वारा बताया गया कि 29 दिसंबर दिन सोमवार से निरंतर पांच दिनों तक प्रभात फेरी निकाली जानी है,सोमवार को प्रथम प्रभात फेरी की सेवा सरदार जगदीश सिंह बग्गा परिवार की तरफ से आयोजित की गई,जहां साध संगत की मौजूदगी में गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन किया गया एवं अरदास समाप्ति पश्चात प्रसाद नाश्ता वितरण किया गया,इस दौरान प्रबंधन कमेटी के दलजीत सिंह, जसबीर सिंह,मंजीत भामरा, रणबीर भामरा, गगनदीप सिंह बग्गा,इकजोत सिंह बग्गा, परमजीत सिंह,सुखदेव सिंह, सुविंदर सिंह, सुरजीत चावला,निंदर सिंह, गुरदीप माखीजा, मनप्रीत सोहल, इंदराज भामरा, निंदर सिंह, प्रिंस ढिल्लों, मनी बग्गा, प्रिंसराज बग्गा उपस्थित रहे।



## भाजयुमो जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

भाजयुमो जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन पर निशांत सिंह सोलु का मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र गुप्ता इलु के नेतृत्व में रेस्ट हाउस परिसर में स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजयुमो को मजबूती प्रदान करने बूथ स्तर पर नये सदस्य बनाने होंगे ताकि बूथ स्तर पर भाजयुमो मजबूत हो सके। इसके अलावा बूथ स्तर पर बैठक करते हुए एसआईआर के सम्बंध में सभी को जागरूक करना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद शहीद भगत सिंह चौक में मुग़ल एवं हिंदुओ को लेकर दिए गए बयान के विरोध में भाजयुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का पुतला दहन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री नीरू मिश्री, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो आरडी चौहान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बतौली नरेंद्र पैंकरा, मैनपाट चंद्रप्रकाश आदित्य अग्रवाल, समीर बेहरा, प्रमोद ठाकुर, संजय बेहरा, विकास गुप्ता, विशाल गुप्ता, संजय यादव, चन्दर मिंज, ओम यादव, विवेक चौहान, सहदेव पैंकरा, विशाल गुप्ता, मंजीत गुप्ता, दिव्यांश गुप्ता, नंदकुमार, विकास एक्का, संकेत गुप्ता, किशन उपाध्याय, शौर्य सिंह, शिवम गुप्ता गोलू, जतिन गुप्ता, नवीन बड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

## नववर्ष के आगमन पर पलटन घाट में उमड़ रही सैलानियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

शहर सीमा से लगभग एक किलोमीटर जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल पलटन घाट नववर्ष के अवसर पर सैलानियों का पसंदीदा केंद्र बना हुआ है। यह पर्यटन स्थल रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत लुरगी के अंतर्गत आता है। प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण के कारण यहां हर वर्ष दिसंबर के अंत से ही पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने लगती है।

- नगर पालिका अध्यक्ष ने लिया साफ-सफाई का जायजा

नववर्ष के आगमन को लेकर संभावित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए आज नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल, पार्षद सुमित गुप्ता, विजय रावत, अर्जुन दास एवं नगरपालिका कर्मचारियों की टीम के साथ पलटन घाट पहुंचे। उन्होंने पूरे घाट परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को समुचित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा समूचे पलटन घाट परिसर में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि 20 दिसंबर के बाद से ही पलटन घाट में सैलानियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी झारखंड राज्य से भी बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। विशेषकर 1 जनवरी को यहां की स्थिति अत्यंत व्यस्त हो जाती है, जहां दोपहिया और चारपहिया वाहनों को काफी दूर पहले ही पार्क करना पड़ता है। हजारों की संख्या में सैलानी घाट परिसर में एकत्रित होते हैं। पलटन घाट की नैसर्गिक खूबसूरती, पत्थरों की अद्भुत कलाकृतियां और चट्टानों के बीच से कल-कल करती कनहर नदी पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करती है। नपा अध्यक्ष ने कहा कि सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें, गहरे पानी में जाने से बचें तथा बच्चों और बुजुर्गों को पत्थरों पर चढ़ने से रोकें। साथ ही उन्होंने पलटन घाट को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही।



पलटन घाट की सफाई करते कर्मचारी।

### राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सूरजपुर पारंपरिक वेशभूषा में हासिल किया प्रथम स्थान

**सूरजपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 23 से 25 दिसंबर तक राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बहतराई बिलासपुर में किया गया। इस महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागियों ने सहभागिता की। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सूरजपुर से जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त दल ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में सूरजपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में रण विकास सिंह आरमों ने प्रथम स्थान तथा वर्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



## ग्राम झिंगादोहर जरूरतमंदों को बांटे कंबल व टोपी

**सोनगरा।** गायत्री परिवार द्वारा कड़ाके की ठंड में गरीब एवं असहाय परिवारों की सहायता हेतु एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। उप जोन संभाग प्रमुख प्रभारी भोला प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में 29 दिसंबर को विकास खंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत झींगादोहर के पंडो पारा स्थित झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने ठंड से जूझ रहे जरूरतमंद परिवारों को कंबल एवं गर्म टोपी वितरित की। भीषण ठंड के बीच आयोजित इस सेवा कार्य ने बस्ती में रहने वाले गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन में राहत पहुंचाई और उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि गायत्री परिवार केवल आध्यात्मिक जागरण ही नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सेवा, सद्भाव और समर्पण की भावना से किया गया यह कार्य समाज के अन्य संगठनों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है। इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ से जिला समन्वयक शिवशंकर कुशवाहा, अवधेश कुमार गोयल, पवन कुमार गर्ग, सरपंच सोनामनी अगरिया, रामायण गुप्ता, डीपी गुप्ता, शरद चंद्र द्विवेदी, श्रवण कुमार मिश्रा, अशोक सोनी, अनुराग द्विवेदी सहित गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



### सर्वेश्वरी समूह द्वारा गर्म कपड़ों का वितरण

**अम्बिकापुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा पहाड़ी कोरवा व पण्डो जनजाति के बच्चों को गर्म स्वेटर एवं टोपी का वितरण किया गया। जिले में भीषण ठंड को देखते हुए दूरस्थ क्षेत्र में निवासरत आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को गर्म कपड़े, स्वेटर एवं टोपी, कंबल इत्यादि का वितरण किया गया। श्री सर्वेश्वरी समूह अम्बिकापुर के द्वारा आयोजित इस आयोजन में शहर के गणमान्य मेजर अनिल सिंह, समर विजय तोमर, दिग्विजय सिंह ने लखनपुर ब्लॉक के ग्राम डांडकेशरा में वहा निवासरत पण्डो एवं पहाड़ी कोरवाओं के बच्चों को टोपी, गर्म स्वेटर व कंबल आदि का वितरण भीषण ठंड से बचने हेतु किया गया। इस अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह से जुड़े मानवेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश सिंह, प्रभाकर सिंह, हीरा लाल ताम्रकर, आरएन सिंह, सुमित व अन्य सहित ग्राम डांडकेशरा के सरपंच व ग्रामीण भी उपस्थित थे।



## नगर के पंचदेव बस्ती द्वारा किया गया हिंदू महासम्मेलन, बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

हिंदू जन जागरण समिति पंचदेव बस्ती द्वारा हिंदू महासम्मेलन का आयोजन दुर्गा पंडाल में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता स्थापित हो इस हेतु किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाह विजय शर्मा ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष की उपलक्ष्य में समाज द्वारा हिंदू महासम्मेलन का आयोजन हिंदू समाज में समरसता का भाव प्रकट करने, भेद, भिन्नता को समाप्त करने और अपनी संस्कृति, परंपरा के प्रति गौरवान्वित अनुभव करें। इस प्रकार के आयोजन देश के प्रत्येक मंडल, नगर बस्ती पर देखने को मिल रहा है। पंच परिवर्तन के पांच बिंदु सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य बोध को समाज अपने जीवन में आत्मसात करें। मातृ शक्ति के रूप में उपस्थित डॉ शिवांजलि सिंह ने परिवार में संस्कार, संयुक्त भाव, परिवार को जोड़ने सहित अन्य बिंदुओं पर जोर दिया। इस दौरान दिनेश गुप्ता, बजरंग जैन, अंकुर तिवारी, मुकेश गर्ग, शैलेश गोयल, भोला शंकर साहू, अंकित कोशरिया, प्रदीप देवांगन, आकाश राजपूत, अजय सिंह, बजरंग राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।




### ग्राम देवनकरा में हुआ भव्य हिन्दू महासम्मेलन

**प्रतापपुर।** ग्राम दवनकरा में आयोजित हिंदू धर्म महासम्मेलन अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महासम्मेलन में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, समाजसेवी, युवा एवं मातृशक्ति शामिल हुए। इसके अलावा कर्मा, शैला पारंपरिक लोक नृत्य की सहभागिता देखने को मिली। महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की मूल भावना, भारतीय संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र हित के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हिंदू धर्म मानवता, सेवा, सहिष्णुता और सद्भाव का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर धर्म, संस्कृति, शिक्षा और समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर सारगर्भित विचार रखे गए। वक्ताओं ने युवाओं से अपने संस्कारों को अपनाते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। महासम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं धार्मिक आयोजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



### ग्राम पंचायत सलका में हुआ हिन्दू समागम कार्यक्रम

**प्रेमनगर।** संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर हिन्दू समाज द्वारा पूरे देश भर में हिन्दू समागम, सम्मेलन का का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रेम नगर विकास खंड के ग्राम पंचायत सलका में हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता अरुण कुमार, विजय साहू, बबलू साहू, मुकेश दुबे,टेशमान,अनिता दास द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात स्थानीय बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं श्लोक, गीत का वाचन किया गया। मुख्य वक्ता अरुण कुमार द्वारा सनातन हिन्दू संस्कृति के दर्शन तथा संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्मान्तरण जैसी समस्या हमारे समाज के सजगता के कमी के कारण उत्पन्न हुई है। इसको मिलकर दूर करना होगा। पंच परिवर्तन के सामाजिक जागरण के पथ चलकर ही हमारे घर संस्कार तथा राष्ट्र हितों की रक्षा किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन बबलू साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान हरिचरण, विनोद, गोकुल, धनी राम, नयन साय, सियम्बर, बिहारी, बसंत, राम उदय, केशव, जय राम सहित महिला पुरुष तथा बच्चे उपस्थित थे।




## भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला प्रबंध समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एवं चेयरमैन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के नेतृत्व में तथा रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन बाबूलाल अग्रवाल की उपस्थिति में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेडक्रॉस की सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं उनका विस्तार गांव-गांव तक करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

- गांव-गांव तक पहुंचेगी रेडक्रॉस की सेवाएं

कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन रेडक्रॉस की सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी सरकारी एवं निजी महाविद्यालयों में यूथ रेडक्रॉस का गठन, पंजीकरण एवं सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्राइमरी से हाईस्कूल स्तर तक जूनियर रेडक्रॉस यूनिट्स बनाई जाएंगी। सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में फर्स्ट-एड बॉक्स उपलब्ध कराए जाएंगे तथा हेल्पलाइन नंबर दीवारों पर चस्पा किए जाएंगे, ताकि दुर्घटना या आपात स्थिति में छात्र-शिक्षक तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें। सीएसआर फंडिंग एवं जिला खनिज न्यास के सहयोग से नवीन लाइफ-सपोर्ट आईसीयू एंबुलेंस, 21-सीटर बड़ी एंबुलेंस तथा 2-सीटर मोबाइल ब्लड कलेक्शन यूनिट प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। इससे दूरदराज क्षेत्रों के गंभीर मरीजों को त्वरित एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि बाढ़, भारी बारिश, ओलावृष्टि एवं जलभराव जैसी आपदाओं के दौरान रेडक्रॉस द्वारा राहत सामग्री, प्राथमिक उपचार, एंबुलेंस एवं वॉलंटियर्स की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। रेडक्रॉस एवं जीवनदीप समिति की सभी एंबुलेंस पर शुल्क सूची चिपकाए जाएगें। कैशलेस भुगतान व्यवस्था भी प्रारंभ की जाएगी। जिला मुख्यालय में तीन दिवसीय आवासीय मेगा हेल्थ कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में वार्षिक बजट, आय-व्यय विवरण एवं ऑडिट पर गहन चर्चा कर सभी प्रस्ताव पारित किए गए।



## रामचरण की 'पेद्दी' में नजर आएंगे बोमन ईरानी...

**मुंबई।** साउथ के अभिनेता राम चरण अपनी अपकमिंग फिल्म 'पेद्दी' को लेकर सुर्खियों में हैं। दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वह इसकी हर अपडेट जानना चाहते हैं। इसी का नतीजा है कि फिल्म का पहला गाना 'चिकिरी चिकिरी' रिलीज होते ही छा गया। खबर है कि जाने माने अभिनेता बोमन ईरानी फिल्म 'पेद्दी' की शूटिंग का हिस्सा बन गए हैं। इस बात की जानकारी 'पेद्दी' के मेकर्स ने दी है। उन्होंने शूटिंग की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इस तस्वीर में बोमन ईरानी, निर्देशक बुची बाबू सना और सिनेमैटोग्राफर आर. रत्नावेलु के साथ नजर आ रहे हैं।

### लाइफ Style

## कृति
## पहले ऑडिशन का वीडियो हुआ वायरल


कृति सेनन का एक वीडियो इस समय तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कृति सिर्फ 22 साल की हैं और वो मदद मांगती नजर आ रही हैं। कृति सेनन की गिनती मौजूदा वक्त की टॉप लीडिंग एक्ट्रेस में होती है। उनके पास फिल्मों की कतार लगी हुई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में धनुष के साथ 'तेरे इश्क में' में नजर आईं कृति अब शाहिद कपूर के साथ 'कॉकटेल 2' में दिखाई देंगी। इस बीच सोशल मीडिया पर कृति सेनन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये वीडियो कई साल पुराना है, जिसमें कृति अपना पहला ऑडिशन देते नजर आ रही हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कृति सफेद रंग की स्लीवलेस वन पीस में नजर आ रही हैं। बहुत हल्के मेकअप के साथ कृति कैमरे के सामने अपने प्रोफाइल के बारे में बता रही हैं। हाथ में कृति एक बोर्ड पकड़े हैं, जिस पर उनके बारे में लिखा है। इसमें कृति सेनन का नाम, उम्र, लंबाई और शूटिंग की डेट्स लिखी हुई हैं। इसके साथ ही उनके बारे में भी लिखा है, जिसमें बताया गया है कि उन्हें तैराकी आती है और अभी तक उन्होंने कोई भी एड तक शूट नहीं किया है। वीडियो में अपना प्रोफाइल बताते हुए कृति अपना परिचय देती हैं। एक्शन बोलने के बाद मुस्कुराते हुए कृति सेनन अंग्रेजी में अपना परिचय देते हुए अपना नाम बताती हैं। हाय, मैं कृति सेनन हूं। मेरी उम्र 22 साल है और मेरी लंबाई 5'9 है। ये है मेरी प्रोफाइल, इसके बाद वो अपनी लेफ्ट-राइट प्रोफाइल दिखाती हैं। इसके बाद उनसे पूछा जाता है कि क्या वे ऑडिशन की बताई गई तारीखों पर उपलब्ध हैं।



### हॉलीवुड मसाला



## जॉन को देख ओम की आती है याद...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज स्टार जॉन वोइट की तुलना अक्सर भारत के दिग्गज एक्टर्स नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी से होती है। इसके पीछे कुछ खास वजहें हैं। जॉन वोइट को साल 1969 की फिल्म 'मिडनाइट काउबॉय' से अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। उन्हें ऐसे कलाकार के रूप में याद किया जाता है जिनकी एक्टिंग दिखावे से दूर, भीतर तक झकझोर देने वाली रही है। इनका गहरा कनेक्शन एंजेलिना जोली से है। आज हम बात करने जा रहे हैं हॉलीवुड के उस एक्टर की जिन्हें देख कर अक्सर लोगों को ओम पुरी की याद आ जाती है।



## 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स वॉल्यूम 2' एक जनवरी को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की बहुचर्चित वेब सीरीज स्ट्रेंजर्स थिंग्स की लोकप्रियता भारत में भी देखने को मिलती है। जिसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि हालिया रिलीज के तौर पर स्ट्रेंजर्स थिंग्स सीजन 5 का वॉल्यूम 2 ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर टॉप पर ट्रेंड कर रहा है। इस साइंस-फिक्शन सीरीज की कहानी और पात्र फैंस को काफी पसंद आते हैं। मिली बॉबी ब्राउन स्टारर वेब सीरीज स्ट्रेंजर्स थिंग्स 5 के अब तक दो वॉल्यूम नेटफ्लिक्स पर रिलीज किए जा चुके हैं, जिनमें मौजूद 7 एपिसोड ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। अब सभी फैंस स्ट्रेंजर्स थिंग्स 5 के फाइनल वॉल्यूम और एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं, जिसे न्यू ईयर यानी 1 जनवरी 2026 को स्ट्रीम किया जाएगा। खासतौर पर सीरीज में इलेवन की भूमिका निभाने वालीं हॉलीवुड एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन हर किसी की फेवरेट मानी जाती हैं।



## इंडस्ट्री में चलता है पावर गेम और राजनीति

**मुंबई।** चित्रांगदा सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म और हालिया रिलीज फिल्म दोनों को लेकर चर्चाओं में हैं। एक ओर जहां उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'रात अकेली है: द बंसल मर्डर' को काफी तारीफें मिल रही हैं। वहीं, दूसरी ओर चित्रांगदा सलमान खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' को लेकर भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर सामने आया है। इस बीच चित्रांगदा ने इंडस्ट्री के अपने अनुभव को साझा किया। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में प्रभावशाली लोग आपके सामने कितनी चुनौतियां खड़ी कर सकते हैं। चित्रांगदा ने ये माना कि इंडस्ट्री में राजनीति और पावर गेम होता है। इंडस्ट्री के प्रभावशाली लोग हमेशा बाधाएं खड़ी करते हैं, खासकर जब दांव ऊंचे हों।



## बॉर्डर-2 के गीत का टीजर जारी...

**मुंबई।** 'बॉर्डर 2' के मच अवेटेड सॉन्ग 'घर कब आओगे' का टीजर सामने आया है। इस बारे गाने को दो नहीं, बल्कि चार दिग्गज गायकों ने अपनी आवाज दी है। सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म के टीजर के बाद से ही फैंस फिल्म के 'घर कब आओगे' गाने का इंतजार कर रहे हैं। यह 'बॉर्डर' के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं' का री-क्रिएटेड वर्जन है। गाने के टीजर में इसके कलाकारों के नामों का उल्लेख किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं' के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

### टीवी मसाला



## पहली बार बिग बी के सामने हॉट सीट पर बैठे कुमार मंगलम बिरला

**नई दिल्ली।** केबीसी 17 के मंच पर इतिहास रचने जा रहा है। पहली बार शो के मंच पर देश के जाने-माने बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिरला शिरकत करने जा रहे हैं। वो केबीसी 17 के फिनाले वीक के खास मेहमान के तौर पर सेट पर पहुंचे। अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर विराजमान होकर कुमार मंगलम बिरला ने अपने सबसे बड़े डर का खुलासा किया। एंटरटेनमेंट जगत के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब देश के जाने-माने बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिरला हॉट सीट पर विराजमान होंगे। केबीसी के प्रोमो में अमिताभ बच्चन दिग्गज उद्योगपति कुमार बिरला से पूछते हैं कि आखिर उन्होंने केबीसी के मंच पर आने में इतने साल क्यों लगाए. जिसका जवाब देते हुए उन्होंने अपना सबसे बड़ा डर साझा किया। अमिताभ बच्चन ने कुमार के हॉट सीट पर बैठते ही उनसे पूछा कि उन्होंने कई बार उन्हें शो में शामिल होने के लिए इनवाइट भेजा था, लेकिन वो कभी आए ही नहीं। इसकी वजह क्या थी। इसका जवाब देते हुए बिजनेसमैन कहते हैं कि उन्हें बस एक चीज का डर था जिसकी वजह से वो शो का हिस्सा बनने से कतरा रहे थे। वो कहते हैं कि वो भी काफी समय से शो का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन उन्हें डर था कि अगर वो एक भी सही जवाब नहीं दे पाए तो अमिताभ बच्चन उनके बारे में क्या सोचेंगे। सोनी लिव ने केबीसी फिनाले का ये दमदार एपिसोड शेयर करते हुए लिखा, 'जब उद्देश्य की विजन से मुलाकात होती है। केबीसी 17 के पिछले एपिसोड में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा और जयदीप अहलावत अपनी अपकमिंग फिल्म इक्कीस के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे। ये बेहद मजेदार एपिसोड रहा था जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया गया।

### लव-कुश की शरारतों से तंग हुए रामानंद

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की 'रामायण' के सेट से जुड़ी यादें आज भी दर्शकों को रोमांचित कर देती हैं। भगवान राम की इस कालजयी कथा में 'लव और कुश' का किरदार निभाने वाले बाल कलाकार अपनी मासूमियत से सबका दिल जीत लेते थे, लेकिन पर्दे के पीछे वे बेहद शरारती थे। सेट पर इन नन्हे कलाकारों की मस्ती और धमाचौकड़ी से शूटिंग करना मुश्किल हो गया था। 'लव' और 'कुश' की शरारतें जब हद से ज्यादा बढ़ गईं, तब खुद रामानंद सागर ने उन्हें कंट्रोल करने के लिए सांप का सहारा लिया था। रामायण के उत्तर कांड में लव और कुश के किरदार बेहद महत्वपूर्ण थे। इन भूमिकाओं के लिए रामानंद सागर ने सबसे पहले अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा के जुड़वां बेटों (लव और कुश सिन्हा) को कास्ट करने की सोची थी। लेकिन, कुछ कारणों से यह संभव नहीं हो सका। इसके बाद सागर ने बाल कलाकारों की तलाश शुरू की और उनकी नजर महाराष्ट्र के दो युवा लड़कों पर पड़ी, स्वप्निल जोशी (कुश का किरदार) और मयूरेश क्षेत्रमाडे (लव का किरदार)।



## रहस्य, रोमांच और डर के साथ प्रचंड टकराव...



**मुंबई।** साल 2026 की संक्रांति पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है पैन-इंडिया फिल्म 'द राजा साब'। प्रभास की इस फिल्म का ट्रेलर अब रिलीज हो गया है। लंबे समय बाद प्रभास एक ऐसे अवतार में लौट रहे हैं, जहां प्रेम, कॉमेडी और डर एक साथ कहानी में नजर आ रहा है। निर्देशक मारुति की इस फिल्म में रहस्यमयी अतीत की परतें खुलते हुए नजर आने वाली हैं। पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले बनी यह फिल्म 9 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है। ट्रेलर की शुरुआत डरावने माहौल से होती है, जहां एक विशाल हवेली कहानी का केंद्र बनती है। इस हवेली से जुड़ा है एक खौफनाक राज, जिसका संबंध प्रभास के दादा के किरदार से है, जिसे संजय दत्त निभा रहे हैं। कहानी में दादा की मौत के बाद भी उनका प्रभाव खत्म नहीं होता, बल्कि उनकी आत्मा एक भयानक शक्ति के रूप में उसी हवेली में बस जाती है। यह आत्मा न सिर्फ अजेय नजर आती है, बल्कि हर उस शख्स को अपने वश में कर लेती है जो हवेली के भीतर कदम रखता है। भावनात्मक स्तर पर भी ट्रेलर एक संवेदनशील पोते की झलक भी दिखाता है। प्रभास का किरदार अपनी दादी (जरीना वहाब) के प्रति बेहद स्नेही और जिम्मेदार नजर आता है। लेकिन हालात तब भयावह हो जाते हैं जब दादा की आत्मा परिवार के ही लोगों के लिए खतरा बन जाती है। पत्नी और दोस्तों के साथ प्रभास एक ऐसी जंग में फंस जाता है, जहां सामने कोई आम इंसान नहीं, बल्कि खून के रिश्ते से जुड़ा डर है। हवेली को एक भूलभुलैया की तरह पेश किया गया है, जिसमें हर मोड़ पर नया रहस्य छिपा है।

## विंटर वेकेशन पर निकले कई सेलेब्स फैमिली संग करीना पहुंचीं स्विट्जरलैंड

**मुंबई।** साल 2025 को खत्म होने में चंद दिन बचे हैं। नए साल की तैयारियों में आम से लेकर खास लोग तक जुट गए हैं। कई सेलेब्स न्यू ईयर मनाने के लिए अलग-अलग जगहों पर जा रहे हैं या पहुंच गए हैं। इस लिस्ट में करीना कपूर से लेकर दीपिका पादुकोण तक शामिल हैं। इनके अलावा भी कई सेलेब्स विंटर वेकेशन, न्यू ईयर के सेलिब्रेशन के लिए वेकेशन पर निकल चुके हैं।

करीना कपूर कुछ दिन पहले ही सैफ अली खान और अपने दोनों बेटों के साथ वेकेशन पर निकली थीं। रविवार को उन्होंने स्विट्जरलैंड से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। वह स्विट्जरलैंड की हसीन वादियों में सर्द मौसम का मजा ले रही हैं, अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम गुजार रही हैं।



***न्यूयॉर्क में नजर आए दीपिका और रणवीर :*** फिल्म 'धुरंधर' की सफलता के बाद रणवीर सिंह को फैमिली के साथ वक्त गुजारने का मौका मिला है। वह और दीपिका न्यूयॉर्क में स्पॉट हुए हैं। दोनों को एक पार्टी में देखा गया। फैंस के साथ इस कपल ने फोटो क्लिक करवाए। ऐसा लगता है कि दोनों न्यूयॉर्क में नया साल मनाएंगे।

***उत्तराखंड में छुट्टियां मना रही हैं मौनी रॉय :*** मौनी रॉय ने भी रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। वह अपनी दोस्त के साथ उत्तराखंड में सर्द मौसम का मजा ले रही हैं। मौनी रॉय ने उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों से कई तस्वीरें शेयर की हैं।

***ये सेलेब्स भी वेकेशन पर एंज्वॉय करते नजर आए:*** बड़े स्टार के अलावा यंग एक्टर्स को भी न्यू ईयर वेकेशन पर देखा गया। अभय वर्मा भी समंदर किनारे विंटर वेकेशन को एंज्वॉय करते दिखाई दिए। रणवीर कपूर को भी रविवार के दिन एयरपोर्ट पर देखा गया, वह भी वेकेशन पर जा रहे हैं।

### ऊपर आका, नीचे काका' ये कहावत थी काफी मशहूर

## इन फिल्मों ने राजेश खन्ना को बनाया बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार

***नई दिल्ली।*** *मौजूदा वक्त में किसी हीरो के लिए दीवानगी सिर्फ सेल्फी और ऑटोग्राफ तक सीमित रह गई है। लेकिन, बॉलीवुड में एक ऐसा कलाकार था जिसके लिए लड़कियां इस कदर दीवानी थीं कि उसके नाम का सिंदूर लगाती थीं। तो वहीं कुछ उस स्टार की फोटो के साथ ही साथ फेरे लेती थीं। यही नहीं, उस एक्टर के नाम पर न जाने कितने भिखारी भीख मांगते थे। उनकी एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब रहते थे। वहीं, फिल्म के सेट पर उनके किस्से आज भी लोगों को सुनाए जाते हैं। ये कलाकार कोई और नहीं, बल्कि बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहे जाने वाले राजेश खन्ना हैं। 'ऊपर आका, नीचे काका' राजेश खन्ना के लिए ये कहावत काफी मशहूर थी। भारत के पहले सुपरस्टार का तमगा पाने वाले राजेश खन्ना के नाम बतौर हीरो लगातार 17 हिट फिल्में देने का रिकॉर्ड है। उन्होंने पांच फिल्मफेयर अपने नाम किए। जबकि साल 2013 में उन्हें भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत देश के तीसरे सर्वोच्च सम्मान पद्मभूषण से भी सम्मानित किया गया है। 1966 में फिल्म 'आखिरी खत' से अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाले राजेश खन्ना ने अपने चार दशक से भी लंबे कॅरियर में सफलता के शिखर से लेकर डाउनफॉल तक देखा।*

**राज** : राज' फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में राजेश खन्ना के साथ बबीता प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। यह एक रोमांटिक-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म को आज भी काफी पसंद किया जाता है।

**आराधना** : राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर स्टारर 'आराधना' राजेश खन्ना की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। इस रोमांटिक-ड्रामा फिल्म को काफी पसंद किया गया था। फिल्म की कहानी आज भी लोगों को पसंद है। इस फिल्म से राजेश खन्ना बॉलीवुड के नए स्टार बन गए थे। इसके बाद ही उन्होंने लगातार 17 हिट फिल्में दीं। इस फिल्म को 17वें फिल्मफेयर अवॉर्ड में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला था।

**दो रास्ते** : राज खोसला द्वारा निर्देशित 'दो रास्ते' साल 1969 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में राजेश खन्ना के साथ मुमताज, बलराज साहनी, कामिनी कौशल और प्रेम चोपड़ा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म को काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म ने राजेश खन्ना की पॉपुलर्टी में अहम भूमिका निभाई। आप इस फिल्म को आज भी एंजॉय कर सकते हैं।



**सच्चा झूठा** : राजेश खन्ना साल 1969 में चोरी पर आधारित एक शानदार फिल्म लेकर आए थे 'सच्चा झूठा'। फिल्म में राजेश खन्ना ने डबल रोल निभाया था। यह फिल्म आज भी उतनी ही पसंद की जाती है। फिल्म में राजेश खन्ना के साथ विनोद खन्ना और मुमताज भी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म में राजेश खन्ना के अभिनय को जमकर सराहा गया था और बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी उनके नाम रहा था।

**कटी पतंग** : राजेश खन्ना के सबसे पॉपुलर किरदारों में से एक है फिल्म 'कटी पतंग' का कमल सिन्हा। इस फिल्म में राजेश खन्ना की डायलॉग डिलीवरी और स्टाइल काफी पसंद किए गए थे। फिल्म में आशा पारेख और प्रेम चोपड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। इस फिल्म का गीत 'आज न छोड़ेंगे' आज भी होली पर जरूर ही सुनने को मिलता है। फिल्म में आशा पारेख ने एक विधवा का किरदार निभाया है। फिल्म बड़ी सरलता से एक संदेश भी देती है।

**आन मिलो सजना** : राजेश खन्ना, आशा पारेख और विनोद खन्ना स्टारर 'आन मिलो सजना' साल 1970 की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक है। फिल्म में लव ट्रायंगल दिखाया गया है। फिल्म की कहानी की तरह ही इसके गाने भी काफी पसंद किए गए थे। आज भी इस फिल्म की अपनी फैन फॉलोइंग है।

**आनंद** : बाबूमोशाय जिंदगी बड़ी होनी चाहिए लंबी नहीं' ये राजेश खन्ना का सबसे आइकॉनिक डायलॉग है और उनकी सबसे आइकॉनिक फिल्म है 'आनंद'। आज भी न जाने कितनी फिल्मों में राजेश खन्ना के इस किरदार और इस फिल्म के डायलॉग्स को कॉपी किया जाता है। ऋषिकेश मुखर्जी द्वारा निर्देशित इस फिल्म के डायलॉग गुलजार ने लिखे हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आए हैं। आज भी इस फिल्म को आप देखेंगे तो अंत में रो देंगे। फिल्म में राजेश खन्ना के निधन का सीन आज भी हिंदी सिनेमा के सबसे आइकॉनिक सीन में से एक माना जाता है।

**हाथी मेरे साथी** : 1971 में आई 'हाथी मेरे साथी' राजेश खन्ना के करियर की सबसे हिट फिल्मों में से एक है। फिल्म में एक अनाथ बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो चार हाथियों के साथ रहता है। इनमें रामू नाम का हाथी उसका सबसे करीबी है। कहानी में कॉमेडी और इमोशन सबकुछ है। राजेश खन्ना के अलावा फिल्म में तनुजा, मदन पुरी और सुजीत कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

## खबर संक्षेप

### 304 क्विंटल अवैध भंडारित धान जप्त

**सारंगढ़।** संयुक्त टीम ने बरमकेला तहसील के तीन स्थानों से 762 बोरी 304.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया। भंडारित धान को मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जब्त किया। इस कार्रवाई में डिप्टी कलेक्टर उमेश, खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, नायब तहसीलदार बरमकेला मोहन साहू, खाद्य सहायक अधिकारी विद्यानन्द पटेल और मंडी अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

### बिलासखार में सजा है खुडखुड़िया जुआ का फड़

**घरघोड़ा।** पूंजीपथरा क्षेत्र में ठंड को मात देते हुए कुछ अलग ही गर्मजोशी देखने को मिल रही है। यहाँ जुआड़ियों और जुआ खेलने वालों के बीच भाईचारे के रिश्तों को और मजबूत करने की तैयारियाँ पूरे शवाब पर हैं। बिलासखार के बाजार के पीछे खुलेआम खुडखुड़िया मेले में जुए की बिसात बिछ गई है। खुडखुड़िया मेले को लेकर जुआ खेलने के शौकीनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। एक ओर जहाँ कानून व्यवस्था को लेकर तमनार में सख्ती और तनाव का माहौल है। वहीं दूसरी ओर पूंजीपथरा क्षेत्र में यह गतिविधि प्रशासनिक निगरानी पर भी सवाल खड़े कर रही है। ठंड के इस मौसम में कानून की गर्मी खुड खुड़िया खिलाने वाले के गिरेबान तक नहीं पहुंच रही है। सूचना के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची कारण खुडखुड़िया प्रायोजक को पुलिस का खुला समर्थन से खिलाने और खेलने वाले के हौसले बुलंदी पर है। ग्रामीणों की माने तो खिलवाने वाले किसी पिंटू और गोपी का नाम सामने आ रहा है।

### एसोसिएशन ने किया वार्षिक उत्सव का आयोजन

**राउरकेला।** जनमाध्यम जनता की आवाज़ होते हैं और इस आवाज़ को उठाने वाले पत्रकारों के आचरण एवं उच्चारण में समन्वय होना चाहिए। यह विचार जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की परिचर्चा में व्यक्त किया गया।आज जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन, राउरकेला का 21वाँ वार्षिक उत्सव एवं परिचर्चा इस्पात नगर के सेक्टर 7 स्थित इस्पात साहित्य संसद परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष बिरंचि नारायण पटनायक की अध्यक्षता तथा उपाध्यक्ष के बी राउत के संयोजन में किया गया। दीनदयाल मेल के वक्ताओं ने विचार विमर्श के विषय श्समाज के प्रति पत्रकारों की जिम्मेदारी और आह्वान पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने अपने संबोधन में पत्रकारों की भूमिका निर्दोष जनता की आवाज़ बनने, लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा, मीडिया हाउसों पर कॉरपोरेट प्रभाव, पत्रकारों की सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई से जुड़ी चुनौतियाँ, न्यायिक उत्पीड़न, सत्य को उजागर करने का साहस तथा विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की।

### राहुल गांधी ने दी डॉ. दुलीचंद को श्रद्धांजलि

**रायगढ़।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रायगढ़ के सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. दुलीचंद अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है।



राहुल गांधी ने डॉ. दुलीचंद अग्रवाल के पुत्र अनिल अग्रवाल चीकू को संवेदना पत्र भेजते हुए लिखा कि निधन का समाचार सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ। पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं के साथ साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी डॉ. दुलीचंद अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अनिल अग्रवाल एवं परिवार के प्रति इस कठिन समय में गहरी सहानुभूति और संवेदनाएं व्यक्त कीं। वोरा परिवार के राजीव वोरा ने डॉक्टर दुलीचंद के निजी निवास पहुंच कर अपनी आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित की।मध्यप्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने अपने प्रेषित शोक संदेश में बताया कि उनके लिए यह समाचार बहुत ही दुखद है और डॉक्टर साहब के परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने के लिए भगवान से प्रार्थना की।

---

### तीन लोगों के नाम से 31 लाख निकालने की मिली है जानकारी

# महाठग शिवा साहू ने फर्जी सील, लेटरपैड से निकाले लाखों, पुलिस कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

रायकोना निवासी प्रदेश भर में शेयर मार्केट के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला कुख्यात महाठग शिवा साहू एक बार फिर अपने शातिर कारनामों को लेकर सुर्खियों में है। इस बार मामला केवल ठगी तक सीमित नहीं है, बल्कि थाना स्तर की पहचान सील और लेटरपैड को फर्जी तरीके से तैयार कर बैंकिंग सिस्टम को गुमराह करने का है, जिसे कानून व्यवस्था के लिए बेहद गंभीर चुनौती माना जा रहा है।

शिवा साहू ने शेयर मार्केट में पैसे डबल" करने का लालच देकर सरसींवा, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बलौदाबाजार, सक्ति,रायगढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के हजारों लोगों से करोड़ों रुपये ऐंठे। ठगी की रकम से उसने आलीशान मकान, महंगी गाड़ियां और अन्य संपत्तियाँ खड़ी कर लीं। पीड़ितों की लगातार शिकायतों के बाद थाना सरसींवा पुलिस ने शिवा साहू को उसके साथियों सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा, साथ ही ठगी से अर्जित संपत्तियों, वाहनों को जब्त कर बैंक खातों को होल्ड किया गया। उच्च न्यायालय द्वारा कुछ शर्तों के साथ जमानत मिलने के बाद महाठग शिवा साहू व साथी जेल से बाहर आये। उम्मीद थी कि कानून का भय उसे अपराध से रोकेगा, लेकिन इसके उलट उसने जमानत का दुरुपयोग करते हुए और भी खतरनाक रास्ता चुन लिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

#### फर्जी तरीके से खुलवाया होल्ड एकाउंट

थाना सरसींवा से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार महाठग शिवा साहू ने थाना सरसींवा के नाम से फर्जी लेटरपैड तैयार कराया नकली दस्तावेज व थाना के नाम पर आवेदन ,लेटरपेड व सील को जमानत से जुड़े दस्तावेजों के साथ संलग्न किया। बैंक में यह दर्शाया कि होल्ड अकाउंट खोलने की अनुमति पुलिस द्वारा दी गई है और बैंक से अपने साथी व तथाकथित गर्लफ्रैंड व उसके पिता के नाम से लाखों रुपये निकाल लिया।

#### बैंक से 31 लाख की निकासी

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शिवा साहू ने स्वयं बैंक पहुंचकर अपने भरोसेमंद लोगों के नाम से रकम निकाली। इसमें डिगम जोल्हे के नाम पर 10 लाख, ऋतु साहू एवं उसके पिता चन्द्रहास साहू के नाम पर 21 लाख कुल मिलाकर 31 लाख की निकासी एचडीएफसी बैंक से कराई गई। वहीं इस मामले में जैसे ही यह फर्जीवाड़ा उजागर हुआ, सरसींवा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी डिगम जोल्हे पिता गुड्डू जोल्हे, निवासी रायकोना, ऋतु साहू पिता चन्द्रहास साहू निवासी टाटा, चन्द्रहास साहू, पिता दशरथ साहू निवासी टाटा के खिलाफ 3(5), 318(2), 336(3), 336(4), 338, 340(2), 341(1), 341(2) बीएनएस की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही अब महाठग शिवा साहू की तलाश में जुटी हुई है पुलिस ।

---



## कुड़ेकेला में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन, लिया गया संकल्प


**कुड़ेकेला।** हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन ग्राम पंचायत कुड़ेकेला के माझापारा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती व भारतमाता के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम के अगले कड़ी में अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत कर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भगवताचार्य राजेन्द्र प्रसाद जिला अध्यक्ष, मंचासीन नत्थू राठिया, सोहन पटेल, शरण सिंह सिदार सरपंच गिजे बाई, लीला राजपूत, रोहणी चन्द्रा, पूर्व सरपंच संतराम, संजय गुप्ता, सहित मंचासीन एक एक कर हिन्दू सम्मेलन में अपना उद्बोधन प्रस्तुत किए जहां आज के विराट हिदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

प्रमुख वक्ता आचार्य ने हिन्दू धर्म के सम्बंध में विशेष गहराई तक जाकर बखान किया। इसके बारे में बताते हुए भागवत महाभारत के कुछप्रसंग को आगन्तुकों के समक्ष रखा। कार्यक्रम में श्री कृष्ण के प्रसंग से जोड़ते हुए बताया गया कि किस तरह अपने तर्जनी उंगली में पर्वत को धारण किए थे। उन्होंने बताया कि भगवान तर्जनी उंगली अर्थात सबसे छोटी उंगली जो पांचो उंगली में सबसे छोटी आज उसी तरह हमारे बीच सबसे अंतिम छोर में रह रहे लोगों को भी अपने बीच लाना हम सबका मुख्य उद्देश्य है। इसके बाद समाज मे व्याप्त असमाजिकता को हमे एक जुट होकर कालिया नाग की तरह समाज से फेकना होगा। इस तरह से लोग आचार्य के मुखारबिंद से उद्घोषित वचनों को सुनकर मन्त्रमुग्ध हो गए।

---

## मांगों को लेकर कर्मचारियों का आंदोलन, ऑफिसों में लटके ताले



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के सरकारी अधिकारी और कर्मचारी 11 सूत्रीय मांगो को लेकर, 3 दिनों के आंदोलन पर चले गए हैं। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम में 11 बजे से छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का धरना प्रदर्शन शुरू हुआ। जिला संयोजक आशीष रंगारी ने बताया कि इससे पहले भी आंदोलन किया गया।पहले और दूसरे चरण में मशाल रैली व काम बंद आंदोलन किया गया था। पिछले लंबे समय से मांग पूरी नहीं होने पर अब तीसरे चरण के आंदोलन के तहत 29 से 31 दिसबंर तक प्रदर्शन किया जा रहा है। कर्मचारियों के आंदोलन में जानें की वजह से ज्यादातर दफ्तरों में ताले लटके मिले । जिला कलेक्टोरेट में भी सन्नाटा छाया हुआ था, वहीं जो ऑफिसें खुली हुई थी, वहां पर भी काम नहीं किया जा रहा था, जिसकी वजह से अपनें निजी कार्य को लेकर आए हुए लोगों का मायूस होकर लौटना पड़ा। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत स्कूलों में कार्यरत रसोईये भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है, जिसकी वजह से मध्यान्ह भोजन पर असर पड़ रहा है। रसोईयों की मांग है कि उन्हें 50 प्रतिशत मानदेय वृध्दि को तत्काल शुरू किया जाए। जिले में संचालित हॉस्टलों के अधीक्षक और रसोईयों के हड़ताल पर चले जानें का खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

---




## छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने किया कंबल वितरण

**कोसीर।** लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स जिला ईकाई सारंगढ़ द्वारा 27 दिसंबर को गांव के लोगों को ठंड से राहत देने कंबल वितरण किया गया। सारंगढ़ जिला ईकाई ने कोसीर व ग्राम लेन्ध्रा में जरूरतमंदो को कंबल वितरण किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला सारंगढ़ के उप तहसील कोसीर ग्राम में मां कुशलदाई मंदिर के प्रांगण में एवं साथ ही ग्राम लेंधरा के समलेश्वरी मंदिर के प्रांगण में कंबलों का वितरण किया गया। उक्त दोनों ही स्थान में बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए कंबलों की बहुत ज्यादा आवश्यकता महसूस की जा रही थी काफी ज्यादा संख्या में जरूरतमंद लोग उपस्थित थे, उक्त कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सारंगढ़ श्रीमती स्नेहिल साहू, श्रीमती अजगगल्ले, महेंद्र अग्रवाल, नत्थूलाल केडिया, मिट्ठू अग्रवाल एवं ग्राम कोसीर सरपंच सूमन राजेन्द्र राव, ग्राम सचिव पंचगण वहीं लेन्ध्रा सरपंच, व्यास साहू एवं प्रमुख नागरीकगण उपस्थित थे।

---

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कार्यालयों में लटके ताले, काम प्रभावित

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 3दिवसीय हड़ताल पर 29 से 31दिसम्बर तक घरघोड़ा तहसील के कर्मचारी एवं अधिकारी हड़ताल पर चले गए हैं। सभी ऑफिसों में तला बंदी दिखी, घरघोड़ा में हड़ताल का असर है।

शासन के समक्ष लगातार अपनी मांगों का ज्ञापन दे रहे थे परंतु निराकरण न होने के कारण निश्चित कालीन हड़ताल पर सब को जाना पड़ा। छग़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ रायगढ़ के जिला शाखा अध्यक्ष एवं घरघोड़ा फेडरेशन के संयोजक संतोष पाण्डेय ने बताया कि केंद्र के समान महंगाई भत्ता कर्मचारी एवं पेंशनरों को देय तिथि से एडीए एरियस की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदेंलन किया जा रहा है। अन्य मांगों में सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान, लिपिको, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग




महिला बाल विकास सहित विभिन्न संवर्गो का वेतन विसंगति दूर करने पिंगुआ कमेटी का रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गड़ना करना करते हुए संपूर्ण लाभ दिया जाए, पंचायत सचिवों का शासकीय कारण करना, सहायक शिक्षकों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समय मान वेतनमान दिया जाए, नगर निकाय के कर्मचारियों का नियमित मासिक वेतन एवं समय बद्ध पदोन्नति किया जाए, अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत का सीलिंग शीतलीकरण किया जाए, प्रदेश में कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू किया जाए, समेत अन्य मांगे मिल है। इस अवसर पर दभिनव सिंह, संतोष पांडे रोहित डनसेना, अश्वनी दर्शन, मंगलेश्वर महंत, आशीष शर्मा, बाबूलाल धृतलहरे, मनोज प्रधान संजय पंडा, हरिश्चंद्र बेहरा, वरुण गुप्ता, विजय पडा, अखिलेश मिश्रा, प्रियंक दुबे, मोहन चौहान, संजीव पटेल, प्रमोद गुप्ता, संजय पैंकरा, रोशन पंडा, गुलाब चौहान लाल साय लकड़ा, अशोक महापात्री, पीला राम लहरे, मिल कंठ गुप्ता अन्य शामिल रहे।

---

### छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित हुई हीरा देवी

**कोसीर।** शिक्षाविद् सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती हीरा देवी निराला को छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित की गई है। उनका जीवन कशमकश भरी राहों से गुजरते हुए समाज को नई सीख देती है जो समाज के लिए एक बड़ा उदाहरण है। हीरा देवी बचपन से ही होनहार विद्यार्थी रही समाज के प्रति उसका लगाव रहा उनका जन्म 15 जून 1969 को हुआ वे सामाजिक विज्ञान में एमए हैं। सारंगढ़ जिला मुख्यालय में विशेष स्कूल दिव्यांगजन स्कूल संचालित करते हैं।



इस स्कूल की स्थापना 2006 में हुई पिछले 19 वर्षों से ऐसे बच्चों की सेवा कर रहे हैं जो समाज से सीधा सीधा टूटे हुए होते हैं जो सुन नहीं सकते बोल नहीं सकते और देख नहीं सकते उनके बीच रहकर उनकी सेवा के साथ साथ पढ़ना लिखना और उन्हें समाज के मुख्य धारा से जोड़ना चुनौती भरा कार्य है ऐसे बच्चों के परिवार भी उनसे दूरी रखते हैं ऐसे बच्चों की देख भाल माता पिता की तरह करना गागर में सागर भरने जैसा कार्य है। अपनी जिंदगी के सुख सुविधाओं को छोड़कर रात दिन बच्चों के जीवन को गढ़ना चुनौती भरा है। रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड से छत्तीसगढ़ के 11 जिलों की महिलाओं का चयन हुआ था जिसमें 125 महिलाओं का छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला से सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती हीरा देवी निराला का भी एक नाम था।

---

## चोरों ने कॉलोनी के सूने मकान को बनाया निशाना, लाखों की चोरी

- शहर के फ्रेंडस कॉलोनी की घटना, पुलिस डॉग स्कॉड के साथ कर रही छानबीन

**रायगढ़।** कॉलोनी स्थित सूने मकान का फायदा उठाते हुए दिनदहाड़े लाखों रूपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पूरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आनें वाली फ्रेंडस कॉलोनी का है, जहां मकान नंबर 19 में लाखों रूपए की चोरी की गई है। जानकारी के मुताबिक फ्रेंडस कॉलोनी स्थित मकान 19 जो कि आलोक अग्रवाल के नाम पर है, से चोरों के द्वारा सोमवार की दोपहर लाखों रूपए की चोरी की गई है। पुलिस के अनुसार




मकान का मालिक शहर से बाहर रायपुर गए हुए हैं,सोमवार की दोपहर को उनके घर में काम करनें वाली युवती जब दोपहर को काम पर आई तब घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला ऐसे में उसके द्वारा कॉलोनी स्थित मकान मालिक के रिश्तेदारों को इसकी सूचना दी गई।

#### दरवाजा खोलनें पर मिली चोरी की जानकारी

काम वाली के द्वारा दिए गए सूचना के आधार पर रिश्तेदार मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दरवाजे खोला गया। दरवाजा खोलनें पर घर के अंदर सामान बिखरे हुए मिले ऐसे में उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। परिजनों की सूचना पर कोतवाली पुलिस के द्वारा डॉग स्कॉड के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की जा रही है। फिलहाल अब तक कितने की चोरी हुई है इसकी जानकारी नहीं है, पुलिस मकान मालिक के लौटने का इंतजार कर रही है इसके बाद स्थिति साफ हो पाएगी।

---

### वनांचल क्षेत्रों को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क का निरीक्षण

# मुख्य अभियंता ने दिए ठेकेदारों को कड़े निर्देश

**जशपुरनगर।** ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम, सुरक्षित और टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (सीएमजीएसवाई) के अंतर्गत संचालित कार्यों की गुणवत्ता को लेकर शासन स्तर पर सख्ती बढ़ा दी गई है।

इसी कड़ी में मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समीक्षक हरिओम शर्मा ने जिला जशपुर के विकासखंड कुनकुरी में निर्माणाधीन एवं संधारणाधीन सड़कों का गहन निरीक्षण करते हुए अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुरूप, उच्च गुणवत्ता के साथ और समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता हरिओम शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा कि सड़क निर्माण एवं संधारण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, गुणवत्ता में समझौता या कार्य में अनावश्यक देरी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सतत निगरानी रखने और



ठेकेदारों को जवाबदेह बनाते हुए कार्य कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन मुख्य मार्ग कुंजारा–बारोटोंगरी से डोगाअम्बा पहुंच मार्ग (लंबाई 3.12 किलोमीटर), विकासखंड कुनकुरी का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। यह सड़क वनांचल क्षेत्र के ग्रामों को सीधे राज्य मार्ग से जोड़ती है। मुख्य अभियंता ने कहा कि इस मार्ग के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि उपज के परिवहन एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं तक सहज पहुंच सुनिश्चित होगी।

#### गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

मुख्य अभियंता हरिओम शर्मा ने कहा कि ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता सीधे ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता से जुड़ी हुई है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार अपनी जिम्मेदारी समझें और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि गुणवत्ता परीक्षण, प्रगति रिपोर्ट और फील्ड निरीक्षण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

#### अधिकारी एवं ठेकेदार रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अंबिकापुर सोहन चन्द्र, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कार्यालय के कार्यपालन अभियंता सानुज कुमार घृतलहरे सहित समस्त सहायक अभियंता, उपअभियंता एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई तथा सभी कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

#### संधारण कार्यों की समयबद्धता पर जोर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत चल रहे संधारण कार्यों का भी विस्तार से निरीक्षण किया गया। इनमें टी-02 बनकोम्बो से कुनकुरी मार्ग लंबाई 10.53 कि.मी.,टी.आर.-03 से बेलघुटरी मार्ग लंबाई 2.80 कि.मी.,टी.आर.-03 रायकेरा से बोड़ोकछार मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. विकासखंड कुनकुरी शामिल हैं।मुख्य अभियंता ने निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी संधारण कार्यों को नियमित रूप से और तय समयावधि में पूर्ण किया जाए, ताकि सड़कों की स्थिति बनी रहे और आम नागरिकों को आवागमन में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि संधारण कार्यों की उपेक्षा सड़कों की आयु घटाती है, जिसका सीधा असर ग्रामीणों की सुविधा और सुरक्षा पर पड़ता है।

---

## पृष्ठ 1 का शेष

### मुख्यमंत्री साय ने ...

राज्य निर्माण के भी 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया, जो विकास के स्वर्णिम काल की ओर संकेत करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर जनता ने विश्वास जताया। सरकार बनते ही सभी गारंटियों को पूर्ण किया जा रहा है। जिससे लोग लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने 36 वादे किए थे, जिन्हें पूरा नहीं किया गया, जबकि वर्तमान सरकार ने शपथ लेते ही जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए ठोस निर्णय लिए। उद्योग एवं रोजगार पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल प्रभावित युवाओं को उद्योग नीति के अंतर्गत 1 रुपए प्रति एकड़ की दर से भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू हुए हैं। माइक्रो-चिप्स निर्माण के लिए सिलिकॉन वैली की तर्ज पर परियोजना लाई जा रही है। कोसा, तसर, सिल्क एवं वस्त्र उद्योग की इकाइयों के लिए भी करार किए गए हैं। अब तक 15 हजार से अधिक सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, जिनमें बिजली, सहकारिता, पीडब्ल्यूडी तथा अन्य विभाग शामिल है। साथ ही 5000 शिक्षक भर्ती भी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए भी तैयार किया जा रहा है। जनजातीय विकास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 'जश-प्योर' ब्रांड के माध्यम से जशपुर में महुआ कैंडी जैसे उत्पाद तैयार कर वैल्यू एडिशन किया जा रहा है। वन-धन योजना के तहत स्थानीय वन उपजों की खरीदी कर लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। 80 हजार करोड़ रुपए की धरती आबा योजना के अंतर्गत प्रदेश में 6691 जनजातीय गांवों का विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 4000 करोड़ रुपए से विशेष पिछड़ी जनजातियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इन दोनों योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार से प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इन योजनाओं से पहाड़ी कोरबा, बिरहोर, अबूझमाड़ियां, कमार एवं बैगा इन पांच विशेष पिछड़ी जनजातियों का समग्र विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने गर्व से बताया कि अबूझमाड़ के बच्चे मलखंभ में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश-विदेश में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। बस्तर के धुर्मारास गांव का चयन विश्व के 20 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में देश से एकमात्र छत्तीसगढ़ के गांव के रूप में हुआ है, जिससे पर्यटन क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी। जशपुर जिले के लिए की जा रही घोषणाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि यहां आर्चरी अकादमी और मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी। फरसाबहार में सत्य साईं हृदय चिकित्सा यूनिट 14 जनवरी से प्रारंभ होगी, जहां बच्चों के दिल की बीमारी का निःशुल्क उपचार होगा। नर्सिंग कॉलेज, फिजियोथेरेपी कॉलेज, हर्राडांड में विद्युत उत्पादन इकाई, नालंदा परिसर एवं पर्यटन अधोसंरचना का विकास भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि सरकार का प्रयास है कि हर वर्ग को सुविधा और अवसर मिले और जनता की उम्मीदों पर सरकार खरी उतरे।